| | | |
|---|---|---|
| 26. | Goa, Daman & Diu | 1% |
| 27. | Lakshadweep | 1% |
| 28. | Mizoram | 1% |
| 29. | Pondicherry | 1% |

*2% reservation is made for all the three categories combined—blind, orthopaedic and deaf & dumb.

**राजभाषा अधिनियम, 1963 का कार्यान्वयन**

3189. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **शिक्षा और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 83(3) में उल्लिखित 14 मदों को देश के 'क', 'ख' और 'ग' तीनों श्रेणियों के राज्यों के लिए द्विभाषी रूप में क्रियान्वित करने का प्रावधान है;

(ख) यदि हां, तो "क", "ख" और "ग" राज्यों में स्थित उनके मंत्रालय विभागों सम्बद्ध एवं अधीनस्थ कार्यालयों एवं उपक्रमों में वर्ष 1981-82, 1982-83 और 1983-84 में धारा (3) की क्रियान्वित की प्रतिशतता का राज्यवार एवं वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) तीनों श्रेणियों के राज्यों में उक्त सभी चौदह मदों संबंधी कार्य को शत-प्रतिशत द्विभाषी रूप में करने में कठिनाई है; और

(घ) सरकार द्वारा उन कठिनाईयों को दूर करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है या करने का विचार है ?

**शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मंत्रालयों की राज्य मंत्री (श्रीमती शीला कौल)** : (क) जी हां।

(ख) से (घ) इस मंत्रालय के अन्तर्गत कार्य कर रहे उपक्रमों सहित सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों से सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**राजभाषा अधिनियम, 1963 की क्रियान्विति**

3190. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) में उल्लिखित 14 मदों के देश के "क" "ख" और "ग" तीनों वर्ग के राज्यों के लिए द्विभाषी रूप में क्रियान्वित करने का प्रावधान हैं;

(ख) यदि हां, तो "क" "ख" और "ग" राज्यों में स्थित उसके मंत्रालय, विभागों, संबंध और अधीनस्थ कार्यालयों एवं उपक्रमों में वर्ष 1981-82, 82-1983 और 1983-84 में धारा 3(3) की क्रियान्विति की प्रतिशतता का क्षेत्रवार एवं वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) तीनों श्रेणियों के राज्यों में उक्त सभी चौदह मदों संबंधी कार्य को शत प्रतिशत द्विभाषी करने में क्या कठिनाई है; और

(घ) सरकार ने उन कठिनाइयों को दूर करने के लिए कौन सी कार्यवाही की है या करने का विचार है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी कुमुद बेन एम० जोशी)** : (क) हां।

(ख) से (घ) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) की क्रियान्विति का ब्यौरा संलग्न विवरण में दे दिया गया है। इस अधिनियम की धारा 3(3) को कार्यान्विति करने में मंत्रालय में कोई कठिनाई अनुभव नहीं की जा रही है। "क", "ख" और "ग" क्षेत्रों के राज्यों में स्थिति मंत्रालय के सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों तथा उपक्रमों के बारे में सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

विवरण

| क्रम संख्या | कागजात | 1981-82 | | | | 1982-83 | | | | 1983-84 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | द्विभाषी | अंग्रेजी | योग | प्रतिशत | द्विभाषी | अंग्रेजी | योग | प्रतिशत | द्विभाषी | अंग्रेजी | योग | प्रतिशत |
| 1. | संकल्प | | | | | | | | | | | | |
| 2. | अधिसूचना | 978 | — | 978 | 100% | 765 | — | 765 | 100% | 355 | — | 355 | 100% |
| 3. | नियम | | | | | | | | | | | | |
| 4. | प्रशासनिक रिपोर्ट | 67 | — | 67 | 100% | 21 | — | 21 | 100% | 12 | — | 12 | 100% |
| 5. | प्रेस विज्ञप्तियां | 2 | — | 2 | 100% | 2 | — | 2 | 100% | 10 | — | 10 | 100% |
| 6. | संसद के समक्ष रखे गए कागजात | 1171 | — | 1171 | 100% | 1567 | — | 1567 | 100% | 1105 | — | 1105 | 100% |
| 7. | संविदा | | | | | | | | | | | | |
| 8. | लाइसेंस | | | | | | | | | | | | |
| 9. | परमिट | 17 | 3 | 20 | 85% | — | — | — | — | — | — | — | — |
| 10. | नोटिस | | | | | | | | | | | | |
| 11. | टेंडर फार्म | | | | | | | | | | | | |
| 12. | अन्य रिपोर्टें | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — | — |
| 13. | करार | 1 | — | 1 | 100% | — | — | — | — | 2 | — | 2 | 100% |
| 14. | सामान्य आदेश | 2102 | 27 | 2129 | 98.7% | 5116 | — | 5116 | 100% | 1979 | — | 1979 | 100% |